**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# अब कोरोना संक्रमितों के जांच रिपोर्ट में नहीं होगी देरी

**खबर का असर**

## जिले में एक ही दिन में हो सकेगी सौ से अधिक संक्रमितों के सैपलों की जांच

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। सीमांत जिले पिथौरागढ़ के लोगों के लिए राहत भरी खबर आ चुकी है। पेज थ्री समाचार पत्र द्वारा बीते सत्रह सितंबर को संक्रमितों के सैपल की जांच को लेकर हो रही देरी व संक्रमितों के सैपलों की जांच को मुम्बई भेजे जाने पर जिले के लोगों में संबधित स्वास्थ महकमें के खिलाफ नाराजगी देखने संबधित खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। अब एक बार फिर संबधित खबर का असर हुआ है।

बता दें कि जिले में बहुत जल्द आरटीपीसीआर वास्तविक समय रिवर्स प्रति लेखन पाली मरीज श्रृंखला प्रतिकिया मशीन से जिले में अब कोरोना मराजों की जांच हो सकेगी। जानकारी के मुताबिक जिले के बेस चिकित्सालय में अगले माह से आरटीपीसीआर मशीन के लगने से कोविड सैपलिंग की रिपोर्ट के लिए अब जिले के स्वास्थ महकमें व जिले के लोगों को कोरोना



सैपलिंग की रिपोर्ट के लिए हफ्ते भर का इंतजार नही करना पड़ेगा।

बताते दे कि जिले में अभी तक सैपल मुम्बई भेजे जा रहे है। वही बीते बुधवार को जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पेज थ्री पर प्रकाशित इस खबर का संज्ञान लिये जाने की जानकारी पत्रकार वार्ता में दी। डांक्टर पंत ने बताया कि जिले में हर रोज चार सौ से ज्यादा लोगों के सैपल मुम्बई भेजे जा रहे है। जांच रिपोर्ट आने में हफ्ते भर तक का समय लग रहा है। जिस कारण काफी सारे सैपल पैडिग हो रहे है। जिले में पत्रकारों के साथ हुई वार्ता के दौरान खुद मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि समाचार पत्र पेज थ्री द्वारा इस समस्या को देखते हुए खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करने पर यह मामला आज सुलझता नजर आ रहा है। जिले में यह समस्या का जिक्र प्रमुखता से उठाये जाने के बाद शासन ने सीमांत जिले के लिए बहुत जल्द आरटीपीसीआर मशीन लगाने के आदेश के लिए राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से अनुमति मांग ली है।

वही यह मशीन जिले के बेस चिकित्सालय में अगले माह तक लग जायेगी। वही इस मशीन के लगने से जिले में अब सैपलों की जांच का दायरा बढ़ जायेगा। जिले के अलावा अन्य दूसरे जिले से कोरोना मरीजों के सैपलों की जांच आसानी से हो सकेगी। जिले के बेस अस्पताल में लगने वाली इस मशीन में लगभग एक करोड़ की लागत से आरटीपीसीआर लैब स्थापित करने की स्वीकृति जिले के स्वास्थ महकमें को मिल गई है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां हरीश चन्द्र पंत ने आरटीपीसीआर मशीन के प्रशिक्षण के लिए शीघ्र जिले से पैथोलाजिस्ट की टीम के नेतृत्व में स्वास्थ कर्मियों की टीम को हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा जायेगा। वही पेज थ्री द्वारा यह खबर प्रमुख्ता से प्रकाशित किये जाने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

## न्यूज डायरी

### जागा वन महकमा

**संवाददाता** पिथौरागढ़। बीते मंगलवार को जिले की सुकौली टैंक के पास गुलदार के हमले में मारे गये मांसिक तौर पर विक्षिप्त युवक की मौत के बाद जिले का वन महकमा हरकत में आ चुका है। बता दें कि वन क्षेत्राधिकारी दिनेश चन्द्र जोशी ने बताया कि जिस स्थान पर युवक को गुलदार ने मारा था उस जगह पर पिंजरा लगा दिया है। जोशी ने कहा कि गुलदार को बहुत जल्द पकड़ लिया जायेगा।

### बेरीनाग के आपदा प्रभावित तीन गांवों में पहुंची भू गर्भीय सर्वेक्षण टीम

**संवाददाता** पिथौरागढ़। बेरीनाग तहसील के बापदा प्रभावित तीनों गांवों का भू गर्भीय सर्वेक्षण करने के लिए क्षेत्र में टीम पहुंच गई। गांव में पहुंची भू विज्ञानियों की टीम ने सनीखेत के आपदा प्रभावितों के विस्थापन के लिए चयनित नई जगह का भी सर्वे करना शुरू कर दिया है। बता दें कि हाल ही में बेरीनाग तहसील के अंतर्गत आने वाले सानीखेत कुडी और कराला महर गांव में आपदा से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ था। इलाके के गांवों के कई मकानोंमें दरारें व आने जाने के रास्तों में व खेत योग्य भूमि तबाह हो चुकी थी। वही भूगर्भीय अधिकारी प्रदीप कुमार की अगुवाई में राहुल नेगी राहुल पंत इन गांवों में भू गर्भीय सर्वेक्षण करने पहुंच गये है।

### एमजी मोटर इंडिया ने पेश की भारत की पहली ऑटोनोमस प्रीमियम एसयूवी ग्लोस्टर

**संवाददाता** देहरादून। एमजी मोटर इंडिया ने आज भारत की पहली ऑटोनॉमस (लेवल 1) प्रीमियम एसयूवी एमजी ग्लोस्टर पेश की है। बहुप्रतीक्षित ग्लोस्टर कार निर्माता का भारत में तीसरा प्रोडक्ट है। इससे पहले कंपनी ने भारत की पहली इंटरनेट कार हेक्टर और भारत की पहली इंटरनेट इलेक्ट्रिक एसयूवी जेडएस ईवी लॉन्च की थी। एमजी ग्लोस्टर कई फर्स्ट–इन–सेग्मेंट फीचर एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम के साथ आएगी। इसकी कुछ अन्य महत्वपूर्ण फीचर्स में से कुछ में एडॉप्टिव क्रूज कंट्रोल ऑटोमैटिक इमरजेंसी ब्रेकिंग और फॉरवर्ड कोलिजन वार्निंग लेन डिपार्चर वार्निंग ब्लाइंड स्पॉट डिटेक्शन के साथ ऑटोमेटिक पार्किंग असिस्ट शामिल हैं। एमजी आगे भी ऑन–डिमांड फोर–व्हील ड्राइव के साथ आया है जो कि ग्लोस्टर में कई ड्राइविंग मोड को विस्तार देता है यह इंटेलिजेंट ऑल टेरेन सिस्टम है जो डेडिकेटेड रियर डिफरेंशियल और बोर्गवार्नर ट्रांसफर केस स्टेट–ऑफ–द–आर्ट इलेक्ट्रॉनिक शिफ्ट–ऑन–द–फ्लाई टेक्नोलॉजी के साथ व्हीकल ऑफ–रोडिंग के दौरान एडवांस कंट्रोल प्रदान करता है। यह सात अलग–अलग ड्राइव मोड्स के साथ आता है।

# बारिश से धान की फसल को हुआ भारी नुकसान

**संवाददाता**

खटीमा। खटीमा में बीते दो दिन से हो रही बारिश के चलते खेत में खड़ी धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। खटीमा के कृषि बाहुल्य क्षेत्र पुरनापुर, नगरा, प्रतापपुर, नगला नौसर सहित कई गांवों में धान की फसल पानी डूब गई है। प्रशासन का कहना है कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है। किसान कह रहे हैं कि उन्हें हर फसल में नुकसान होता है लेकिन प्रशासन की लापरवाही से मुआवजा तक मिलता नहीं।

नगरा तराई गांव में सिंचाई नहर के ओवरफ्लो होने से धान के खेतों में पानी भर गया है। बारिश और पानी की निकासी के इंतजाम का अंदाजा इस सड़क को देखकर लगाया



जा सकता है, जो नहर नजर आ रही है। नगर के पीड़ित किसान रामावतार कहते हैं कि प्रशासन किसानों की समस्याओं के समाधान में कतई रुचि नहीं लेता। गेहूं की फसल भी बर्बाद हो गई थी, जिसका मुआवजा अभी तक नहीं मिला और अब धान भी बारिश की भेंट चढ़ गया है।

खटीमा के तहसीलदार यूसुफ अली कहते हैं कि क्षेत्र की पटवारियों को तुरंत मौके का दौरा कर नुकसान का जायजा लेने और रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।



कांग्रेस विधायकों का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिलने जाते हुए।

## कांग्रेस विधायकों का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों के प्रतिनिधिमण्डल ने महामहिम राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें प्रदेश की विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन प्रेषित कर समस्याओं के निराकरण का अनुरोध किया। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमण्डल में प्रीतम सिंह के अलावा विधायक काजी निजामुद्दीन, विधायक ममता राकेश, विधायक मनोज रावत एवं विधायक आदेश चौहान शामिल थे।

# बदमाशों ने दुकान पर बैठी महिला के कुंडल लूटे

**संवाददाता**

हरिद्वार के कनखल में दिया घटना को अंजाम

देहरादून। हरिद्वार में बाइक चोरी करने वाला और महिलाओं की चैन व कुंडल लूटने वाले गैंग ने दस्तक दे दी है। गुरुवार को कनखल में इन बदमाशों ने दुकान पर बैठी महिला के कान से कुंडल झपट लिए। दोनों बाइक पर सवार थे और पुलिस को गच्चा देने में भी कामयाब हो गए। वहीं बुधवार को हरिद्वार के रानीपुर मोड और श्रवणनाथ नगर से दिन दहाडे दो बाइक चोरी कर ली गई थी। पुलिस इस गिरोह का सुराग लगाने का प्रयास कर रहा है। लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ खाली है। हरिद्वार, कनखल में दुस्साहसिक ढंग से वारदात को अंजाम देते हुए मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश दुकान पर बैठी महिला के कान के कुंडल झपट कर फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई घटना से कनखल में हड़कंप मचा हुआ है। आमजन में पुलिसिया कार्यशैली को लेकर आक्रोश पनप रहा है। इधर कनखल पुलिस हमेशा की तरह वारदात के बाद लकीर पीटने में जुटी रही।

कनखल क्षेत्र में बंगाली रोड निवासी बृजभूषण कि घर के बाहर ही भावना प्रोविजन स्टोर के नाम से दुकान है। घटना गुरुवार दोपहर करीब 12.00 बजे की है। जब बृजभूषण की पत्नी सुनीता दुकान पर बैठी हुई थी। बाइक सवार दो बदमाश दुकान पर आए। महिला से रिफाइंड तेल का एक पैकेट देने को कहा।। एक युवक दुकान के बाहर बाइक पर खड़ा था। महिला जैसे ही तेल का पैकेट युवक को दिया तो युवक ने महिला के कुंडल पर झपट्टा मार दिया। और दूसरे युवक के साथ बाइक पर बैठकर फरार हो गया दोनों बंगाली अस्पताल की और से फरार हुए थे सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे दरोगा आनंद मेहरा ने महिला से पूछताछ की और आरोपियों की तलाश में आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए सीसीटीवी फुटेज में आरोपी शंकराचार्य चौक की ओर से हाईवे पर जाते दिख रहे हैं।

## कुमाऊं कमिश्नर और सुशीला तिवारी अस्पताल के प्राचार्य मिले कोरोना पॉजिटिव

**संवाददाता** हल्द्वानी मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। आम से लेकर खास सभी कोरोना की चपेट में आ रहे हैं। इसी कड़ी में कुमाऊं कमिश्नर अरविंद सिंह ह्यांकी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं तो वहीं, सुशीला तिवारी अस्पताल के प्राचार्य चंद्रप्रकाश भैसोड़ा भी संक्रमित मिले हैं। डिप्टी सीएमओ रश्मि पंत के मुताबिक, कुमाऊं कमिश्नर अरविंद सिंह ह्यांकी और एसटीएस प्राचार्य चंद्रप्रकाश भैसोड़ा फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में हैं। बताया जा रहा है कि कुमाऊं कमिश्नर अरविंद सिंह ह्यांकी को गले में खराश और हल्की बुखार की शिकायत थी। जिसके बाद उन्होंने कोविड–19 टेस्ट कराया था। वहीं, सुशीला तिवारी अस्पताल के प्राचार्य चंद्रप्रकाश भैसोड़ा भी कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। सुशीला तिवारी अस्पताल में कोरोना पॉजिटिव मरीजों का इलाज किया जा रहा है।